भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

लोकसभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3796

(सोमवार, 16 मार्च, 2026/25 फाल्गुन, 1947 (शक) को उत्तर के लिए)

पीएम इंटर्नशिप योजना

3796. श्रीमती शताब्दी राय बनर्जी:

क्या **कारपोरेट कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) अनुसूचित जाति (अ.जा.) और अनुसूचित जनजाति (अ.ज.जा.) के कितने अभ्यर्थियों ने इंटर्नशिप के अवसरों के लिए आवेदन किया है;
(ख) अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदायों के लोगों को कुल कितने अवसर प्रदान किए गए हैं;
(ग) इन कंपनियों में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के कुल कितने अभ्यर्थी कार्य कर रहे हैं; और
(घ) इन कंपनियों द्वारा कितने इंटर्न को रखा गया है और तत्संबंधी कंपनी-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री।

(श्री हर्ष मल्होत्रा)

(क), (ख) और (ग): इंटर्नशिप के अवसरों के लिए आवेदन करने वाले अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आवेदकों की संख्या, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को साझेदार कंपनियों द्वारा दिए गए प्रस्तावों की संख्या और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति से संबंधित इंटर्न की संख्या जो अपनी इंटर्नशिप में शामिल हुए हैं, अनुलग्नक में दी गई है।

(घ): पीएम इंटर्नशिप योजना को उद्योग-संगत कौशल बढ़ाने, रोजगार के लिए तत्परता में सुधार करने और भारत की शीर्ष प्रदर्शन करने वाली कंपनियों और संस्थानों में संरचित इंटर्नशिप के माध्यम से पेशेवर अनुभव को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है ताकि रोजगार के लिए तैयार और कुशल कार्यबल का निर्माण किया जा सके। यह योजना नियुक्ति प्रस्ताव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन नहीं की गई है।

******

अनुलग्नक

दिनांक 16.03.2026 को उत्तर के लिए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3796 के भाग (क), (ख) और (ग) का अनुलग्नक

	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	सामान्य	कुल
आवेदकों की संख्या	61,451	23,715	1,89,178	1,21,178	3,96,172
साझेदार कंपनियों द्वारा दिए गए प्रस्तावों की संख्या	27,381	10,476	71,892	56,024	1,65,773
शामिल हुए इंटर्न की संख्या	2,291	875	6,893	6,001	16,060

*****